## एक नजर में

### जमीन बंटवारे के विवाद में माता-पिता से मारपीट

**शुजालपुर, 12 जुलाई** . क्षेत्र के ग्राम गैरखेड़ी में पैतृक जमीन और मकान के बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे और बहू पर अपने ही माता-पिता के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार ग्राम गैरखेड़ी निवासी 50 वर्षीय सुभाग सिंह मेवाड़ा ने अपनी पत्नी फूलकुंवर बाई एवं साले दिनेश मेवाड़ा के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि उनके दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र सीताराम मेवाड़ा लंबे समय से घर और जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करता आ रहा है. पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे सीताराम मेवाड़ा और उसकी पत्नी दिशा मेवाड़ा ने बंटवारे की बात को लेकर सुभाग सिंह और उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर सीताराम ने अपने पिता के साथ थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की, जबकि बहू दिशा ने फुलकुंवर बाई के साथ मारपीट की, जिससे उनके सीने में चोट आई. घटना के दौरान फरियादी के बड़े भाई गोपाल मेवाड़ा ने बीच-बचाव किया. फरियादी का आरोप है कि जाते-जाते सीताराम और दिशा ने घर और जमीन का बंटवारा नहीं करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### नवागत जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत



**शुजालपुर, 12 जुलाई** . मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा जिले में पदस्थ नवागत जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर का स्वागत एवं पूर्व प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह सिप्रे का सम्मान किया गया. इस दौरान कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई. संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर नवागत जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष विभिन्न बिंदु रखे गए. उन्होंने आशा जताई कि कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण होगा. कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा, मोहन किचोलिया, बनवारी बैरागी, गौरव शर्मा, दिनेश मंडलोई, दिलीप जायसवाल, ब्रजमोहन भसनेरिया, राजेश पाटीदार, घनश्याम माहेश्वरी, ओमप्रकाश राजपूत, मुकेश अस्तय, गजराजसिंह चन्द्रवंशी, अरुण शर्मा, संजय देशमुख, संजय सोनी, लोकेश राठौर, विष्णु राय, धनपाल चन्द्रवंशी, उदयसिंह परमार, मुकेश परिहार, इकलेश चन्द्रवंशी, नकुल मालवीय, पंकज मालवीय, महेश परमार, कमल राठौर, शिवनारायण कराड़ा सहित राज्य कर्मचारी संघ के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे.

### दूसरी बाइक से बचने के प्रयास में दंपती दुर्घटनाग्रस्त



**शुजालपुर, 12 जुलाई** . अवंतिपुर बड़ोदिया मार्ग पर अरंडिया जोड़ के समीप दूसरी बाइक से बचने के प्रयास में एक दंपती दुर्घटना का शिकार हो गया. हादसे में बाइक सवार महिला घायल हो गई, जिसे डायल 112 की टीम ने तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाया. जानकारी के अनुसार फारूक खान अपनी पत्नी सुयामा के साथ बाइक से जा रहे थे. अरंडिया जोड़ के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक से बचने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित हो गई. हादसे में सुयामा बाइक से सड़क पर गिर गई, जिससे उनके कान एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं. घटना की सूचना मिलते ही मौके से गुजर रही डायल 112 एफआरवी 01 की टीम ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराई. टीम ने घायल महिला को प्राथमिक मदद देने के बाद शुजालपुर अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है. डायल 112 टीम में एसटीएफसी मांगीलाल दांगी एवं पायलट श्याम शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया.

### 13 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन



**शुजालपुर, 12 जुलाई** . प्रमुख पेंशन संगठन की तहसील शाखा शुजालपुर ने रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार के शुजालपुर स्थित कार्यालय में सौंपा. मंत्री की और से उनके निज सचिव दीपक परमार ने ज्ञापन प्राप्त किया. संगठन के तहसील अध्यक्ष ललित बिडवाले ने बताया कि ज्ञापन में पेंशनर्स की विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई है. इस दौरान सरकार से पेंशनर्स के हित में आवश्यक निर्णय लेने का आग्रह भी किया गया. ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख पेंशन संगठन के जिला उपाध्यक्ष यादव सिंह परमार, चंद्रशेखर भार्गव, प्रदीप व्यास, जनक जोशी, ओमप्रकाश सक्सेना, करण सिंह परमार, दीनबंधु कश्यप, महेश बारबर, बद्री प्रसाद मीणा, मनोहर परमार, रमेशचंद परमार, भागीरथ सिसोदिया, घनश्याम शर्मा, रमेश सिंह परमार, कैलाश नारायण पटवारी, बसंतीलाल राठौर, नाजीमुद्दीन कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी, प्रेम सिंह परमार, बापूलाल बागड़ा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे.

### दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**शाजापुर, 12 जुलाई** . सुनेरा पुलिस ने महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने रविवार दोपहर करीब 3 बजे इस कार्रवाई का खुलासा किया. आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा. थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि पीड़िता ने 10 जुलाई 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत के अनुसार आरोपी ने उसे बुरी नीयत से पकड़ा. अश्लील हरकतें कीं और गलत काम करने का दबाव बनाया. विवेचना के दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था. आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी भी पीड़िता को दी थी. जांच के बाद गठित पुलिस टीम ने आरोपी छोटू उर्फ वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम भिलवाड़िया को 24 घंटे के भीतर उसके गांव भिलवाड़िया से गिरफ्तार कर लिया. उसे न्यायालय में पेश किया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अंकित मुकाती, एसआई डी. लकड़ा, प्रधान आरक्षक सुधीर यादव, आरक्षक रुपेंद्र सिंह, तेजपाल राणा, अखिलेश भंडारी, अरुण यादव, गोविंद चंद्रवंशी, अभिषेक गुप्ता, मनोज दांगी, राहुल वर्मा और महिला आरक्षक सुनैना की विशेष भूमिका रही.

---

मां बगलामुखी मंदिर में फर्जी रसीद घोटाला भाग -4

# सरकारी जमीन पर पंडा ने बनाया अवैध होम स्टे

## मां बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं से 12 लाख की चोरी में आज तक नहीं हुई रिपोर्ट

नव भारत पड़ताल

**शाजापुर, 12 जुलाई. विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में गैर सरकारी समानांतर लूट, चंदा वसूली का मामला अभी जांच में ही है, इसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है. वहीं दूसरी ओर मंदिर के गैर सरकारी समिति के प्रमुख ने सरकारी जमीन पर ही अवैध होम स्टे बना डाला और वहीं मंदिर परिसर में दो महीने पहले विभिन्न श्रद्धालुओं से 12 लाख की चोरी की आज तक नलखेड़ा पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की. अब यह मामला देश-प्रदेश में सुर्खियां बटोर रहा है. बड़ागांव के कार्यपालन दंडाधिकारी ने लिखित में आदेश जारी किया था कि मंदिर परिसर में लगातार हो रही चोरी के संबंध में पुलिस द्वारा आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई.**

गौरतलब है कि नलखेड़ा के राजेश कश्यप ने आज से सात साल पहले नलखेड़ा तहसीलदार को सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण एवं कब्जा करने के मामले में लिखित शिकायत की थी, जिस पर 18 नवंबर 2019 को नलखेड़ा तहसील के राजस्व निरीक्षक वृत 2 ने तहसीलदार नलखेड़ा को सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत की. जिसमें पत्र क्रमांक 1/591 नलखेड़ा दिनांक 17 जुलाई 2019 के पालन में जो रिपोर्ट प्रस्तुत की, उसमें स्पष्ट लिखा कि नलखेड़ा निवासी आवेदक राजेश कश्यप के द्वारा बताया कि शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 249/1 रकबा 0.805, 267/3 रकबा 0.627 हेक्टेयर, 272 रकबा 0.151 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आदेश नलखेड़ा तहसीलदार ने दिया था. तहसीलदार के आदेश पर नलखेड़ा के राजस्व निरीक्षक ने मोजा पटवारी ग्राम कोटवार द्वारा 6 नवंबर 2019 को शासकीय भूमि का सीमांकन जरीब चलाकर किया गया. वक्त मौके पर आवेदित भूमि सर्वे नंबर 249/1 रकबा 0.805 में से 0.200 हेक्टेयर पर तार फेंसिंग बाउंड्री बनाकर कैलाश, घनश्याम राठौर का अवैध अधिपत्य पाया गया. 267/3 रकबा 0.627 हेक्टेयर में से रकबा 0.088 हेक्टेयर पर मनोहर पिता मांगीलाल जाति भील का स्कूल भवन बनकर अवैध अधिपत्य पाया गया. इसी प्रकार भूमि सर्वे क्रमांक 272 रकबा 0.151 हेक्टेयर में से रकबा 0.020 हेक्टेयर पर दुर्गेश राठौर द्वारा पत्थर फर्शी रखकर रकबा 0.012 हेक्टेयर पर दिनेश पिता बाबूलाल व्यास का दो मंजिला भवन बनाकर रकबा 0.015 हेक्टेयर पर आयुष राठौर का आवासीय भवन बनकर अवैध अधिपत्य पाया गया. यह रिपोर्ट सात साल पहले नलखेड़ा तहसीलदार को राजस्व निरीक्षक, पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई थी, लेकिन आज दिनांक तक इस मामले में न तो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हटा और न ही कब्जेदारों के खिलाफ कार्यवाही की गई. इसमें खास बात यह है कि सुदर्शन सेवा समिति के प्रमुख मनोहर पिता मांगीलाल जो मंदिर में पंडा का काम कर रहे हैं, उनके अधिपत्य में भी सरकारी जमीन पर होम स्टे बना हुआ है. शिकायतकर्ता राजेश कश्यप ने लिखित शिकायत में बताया था कि कुछ लोगों ने मकान निर्माण, तो किसी ने होटल, तो किसी ने पेट्रोल पम्प संचालित कर रखा है.

### सोनी का कहना अधिकारी भ्रामक-झूठी जानकारी दे रहे

मंदिर परिसर में अस्थाई कर्मचारी कुंदन सोनी को मंदिर परिसर से नौकरी से हटाने एवं चोरी के मामले में नाम बताने को लेकर कुंदन सोनी के भाई सतीश सोनी ने नवभारत को बताया कि उनके भाई को बदनाम करने के लिए अधिकारी भ्रामक और झूठी जानकारी दे रहे हैं. मेरे भाई के खिलाफ न कभी चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई और न उन्हें कभी नौकरी से हटाया गया. लेकिन वहीं दूसरी ओर तत्कालीन एसडीएम मिलिंद ढोके ने तहसीलदार नलखेड़ा को कलेक्टर आगर के प्रकरण क्रमांक 4612 दिनांक 25 मई 2024 को कुंदन सोनी को कार्यालय से निष्कासित करने के संबंध में जांच के आदेश दिए थे.

### मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से 12 लाख की चोरी की आज तक नहीं हुई एफआईआर

मंदिर परिसर में नवरात्रि के समय 27 सितंबर 2025 को खरगोन निवासी मुन्ना बाई बारे से 4 लाख रुपए कीमत का मंगलसूत्र अज्ञात व्यक्ति ने लूटा. उसके दो दिन बाद 29 सितंबर 2025 को दर्शन करने आई श्रीमती शशिलता भार्गव निवासी बैरागढ़ के साथ भी लगभग 4 लाख रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने लूट की. उसी दिन 29 सितंबर 2025 को दिनेश पंवार निवासी जावरा की पत्नी के गले से भी किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोने की चेन छीन ली. ये सभी लूट के आवेदन नलखेड़ा थाने में दिए गए, लेकिन आज तक इस पर न कोई कार्यवाही हुई और न ही अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया गया. यह प्रतिवेदन कार्यपालन दंडाधिकारी बड़ागांव अरुण चंद्रवंशी ने न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालन मजिस्ट्रेट को 6 अप्रैल 2026 को लिखित में प्रस्तुत किया था, लेकिन आज तक इस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई.

### कलेक्टर क्या सरकारी जमीन को मुक्त करवा पाएंगी

मप्र के मुख्यमंत्री ने हाल ही में जिले के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करते हुए सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाएं. क्या आगर कलेक्टर सात साल पुरानी राजेश कश्यप की शिकायत और सात साल पुराने नलखेड़ा के राजस्व निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आधार पर उक्त सर्वे क्रमांक पर जिन्होंने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर होटल, स्कूल, मकान बना रखे है, उन्हें हटा पाएंगी या नहीं.

---

# एविल इंजेक्शन की बिक्री पर प्रशासन की सख्ती

## सात मेडिकल स्टोर और एक क्लीनिक की जांच

**शुजालपुर, 12 जुलाई. नशीली दवाओं एवं उनके संभावित दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शुजालपुर में सात मेडिकल स्टोर एवं एक निजी क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया. जांच के दौरान दो मेडिकल स्टोरों पर बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवा विक्रय पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया, जबकि एक मेडिकल स्टोर से कफसिरप का नमूना जांच के लिए लिया गया.**



कलेक्टर के निर्देश तथा उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं एसडीएम शुजालपुर के मार्गदर्शन में टीम ने सरस्वती मेडिकल स्टोर, एमबी मेडिकल स्टोर फ्रीगंज, आदर्श मेडिकल स्टोर, श्रीकृष्णा मेडिकल एजेंसी शुजालपुर मंडी, चंदेल मेडिकल स्टोर, आरसीआर मेडिकल स्टोर शुजालपुर सिटी तथा डॉ. ताहिर के क्लीनिक का निरीक्षण किया. कार्रवाई के दौरान चंदेल मेडिकल स्टोर, शुजालपुर सिटी से कफसिरप का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा.

**डॉक्टर के पर्चे पर ही दवा बेचने के निर्देश**

सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए गए कि शेड्यूल एच वन एवं शेड्यूल एच श्रेणी की दवाओं का विक्रय केवल पंजीकृत चिकित्सक के वैध प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जाए तथा सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं. निरीक्षण दल में नायब तहसीलदार घनश्याम लोहार, औषधि निरीक्षक प्रदीप अहिरवार, शुजालपुर सिटी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पाठक, शुजालपुर मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा. अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी.

### एविल इंजेक्शन के रिकॉर्ड की हुई जांच

निरीक्षण के दौरान एविल इंजेक्शन के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों की गहन जांच की गई. दो मेडिकल स्टोर सरस्वती मेडिकल स्टोर, एमबी मेडिकल स्टोर फ्रीगंज से दवाओं के खरीद-बिक्री संबंधी बिल मांगे गए. जांच में बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के दवा विक्रय किए जाने की स्थिति मिलने पर दोनों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया. अधिकारियों ने बताया कि मामले में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

### मादक पदार्थों साथ दुरूपयोग की आशंका...

सूत्रों के अनुसार एविल इंजेक्शन एक एलर्जीरोधी एंटीहिस्टामिन दवा है, लेकिन कुछ मामलों में इसका मादक पदार्थों या नशीले इंजेक्शनों के साथ मिलाकर नशे के लिए दुरुपयोग भी किया जाता है. इसी संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा इसके क्रय-विक्रय पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. हालांकि, वैध चिकित्सकीय उपयोग के लिए यह एक स्वीकृत दवा है और डॉक्टर की सलाह पर इसका उपयोग सुरक्षित माना जाता है.

---

# पोलायकलां ने जीती बजरंग दल कबड्डी प्रतियोगिता



**शाजापुर, 12 जुलाई. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विहिप व बजरंग दल द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पोलायकलां की टीम विजेता बनी, जबकि मक्सी उपविजेता रही. यह प्रतियोगिता रविवार को दुपाड़ा रोड स्थित स्टेडियम में संपन्न हुई, जिसमें जिले के आठ प्रखंडों की टीमों ने भाग लिया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे हुआ. मुख्य अतिथि महेश गोठी, नितिन पाटीदार और मुकेश पाटीदार ने भारत माता और प्रभु श्रीराम के चित्रों पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. यह आयोजन शाम 4 बजे तक चला. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबले खेले और दमदार प्रदर्शन किया. फाइनल मुकाबले में पोलायकला प्रखंड की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया. मक्सी प्रखंड की टीम दूसरे स्थान पर रही. विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया. बजरंग दल के प्रांत संयोजक नितिन पाटीदार ने बताया कि संगठन हर साल मध्यप्रदेश के सभी जिलों में ऐसी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है. इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देना है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें सशक्त और जागरूक बनाने का भी माध्यम है.

---

# सह परिवार मंदिर में विराजे महादेव

**सुसनेर, 12 जुलाई. पुष्प शक्ति विहार कॉलोनी स्थित गौरीशंकर मंदिर में चल रहा भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो गया. इस पावन अवसर पर मंदिर में पूरे विधि-विधान के साथ शिव परिवार की स्थापना की गई. यह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव यज्ञाचार्य व कथावाचक पंडित वेदप्रकाश भट्ट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ.**

महोत्सव के अंतिम दिन मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, कार्तिकेय, प्रथम पूज्य गणेशजी और नंदी महाराज की प्रतिमाओं को ससम्मान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया. भगवान के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े. प्राण-प्रतिष्ठा के इस पुनीत अवसर पर एक भव्य महायज्ञ का आयोजन भी किया गया. यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व शांति और जनकल्याण की कामना के साथ पवित्र अग्नि में आहुतियां दीं. स्थापना के दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा. आरती और प्रसाद वितरण के साथ इस धार्मिक उत्सव का समापन हुआ, जिसने पूरी कॉलोनी के वातावरण को भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया.

---

# 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावियों का सम्मान

**शुजालपुर, 12 जुलाई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई शुजालपुर द्वारा रविवार को सीएम राइज विद्यालय में शिखर मालिका प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में नगर के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया.**




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तहसीलदार किरण धाकड़ रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी के जिला संयोजक वंशराज सिंह जादौन मौजूद रहे. कार्यक्रम की भूमिका एवं स्वागत उद्बोधन नगर अध्यक्ष मुकेश मेवाड़ा ने दिया. मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि आज के मेधावी विद्यार्थी ही विकसित और सशक्त भारत की नींव है. साथ ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए एबीवीपी द्वारा आयोजित इस तरह के सम्मान समारोहों की सराहना भी की. समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. नगर मंत्री अजय गुर्जर ने आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं एबीवीपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. पूरे आयोजन का वातावरण उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभावना से ओतप्रोत रहा.

---

एक नजर में — अभाविप ने आयोजन कर मनाया स्थापना दिवस

# 3 किमी मैराथन दौड़ में शामिल हुए 267 विद्यार्थी

**शाजापुर, 12 जुलाई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस और राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर रविवार सुबह 6.30 बजे शाजापुर में 3 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. गांधी हॉल से शुरू हुई दौड़ में 267 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया. कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया.**




मैराथन गांधी हॉल से शुरू होकर ट्रैफिक प्वाइंट, नई सड़क, आजाद चौक, छोटा चौक और सोमवारिया मार्ग से होती हुई पुनः गांधी हॉल पहुंचकर संपन्न हुई. पूरे मार्ग में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला. छात्र वर्ग में देवेंद्र सेन ने पहला, प्रदीप पटेल ने दूसरा और कुलदीप गुर्जर ने तीसरा स्थान हासिल किया. वहीं छात्राओं में मेघा नायक प्रथम, कोमल राजावत द्वितीय और आरती मंडलोई तृतीय रही. सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में खेलो भारत के प्रांत संयोजक अमन कुमार सिंह और देवास विभाग संयोजक दक्ष यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरुण भीमावद ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. वहीं अमन कुमार सिंह ने युवाओं से मोबाइल की बजाय खेल मैदानों से जुड़ने का आह्वान किया. वहीं दक्ष यादव ने एबीवीपी के 78 वर्षों के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री आयुष शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने युवाओं से स्वस्थ, सशक्त और चिंतनशील नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की.

---

# शिव मंदिर मठ में किया पौधा रोपण



**मक्सी, 12 जुलाई.** पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को प्राचीन शिव मंदिर मठ परिसर में फतेह सिंह देवड़ा द्वारा मोगरा के पौधे का रोपण किया गया. इस अवसर पर शिव मंदिर मठ की प्रात:कालीन आरती समिति एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. सभी ने पौधारोपण कर उसकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया.